p; Need to take steps to ensure release of Indian fishermen captured by Pakistani soldiers from Indian territorials waters.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः विगत अक्टूबर माह में गुजरात प्रान्त के ओखा निकट द्वारिका में भारतीय मछुआरों को पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा भारतीय समुद्री सीमा में घुसकर अपहरण कर पाकिस्तान ले जाया गया है। पकड़े गए सभी मछुआरों में से तीन मछुआरे जयचन्द्र कुमार पुत्र श्री गंगा प्रसाद, रविशंकर पुत्र श्री बुद्धि लाल एवं संजय दत्त पुत्र श्री राम प्रताप, समस्त निवासी ग्राम मोहम्मदपुर नर्वल, ब्लॉक भीतरगांव, तहसील घाटमपुर, जनपद कानपुर नगर (उत्तर प्रदेश) के निवासी हैं जो मेरे संसदीय क्षेत्र की घाटमपुर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उक्त तीनों मछुआरे अपने परिवार की जीविकोपार्जन के लिए अपने पैतृक कारोबार हेतु गुजरात प्रान्त के ओखा निकट द्वारिका से समुद्र में वोट सं. जी.जे. 11 एम. एम. 11333 माहेश्वरी 2 से दिनांक 08.1.2015 को समुद्र में गए थे। समुद्र तट से कुछ ही दूरी पर स्थित जखउ नामक स्थान से पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। समुद्री तट पर होने वाले मछुआरों के अपहरण की घटना दिनों-दिन बढ़ती जारही हैं। पकड़े गए मछुआरों के संबंध में अभी तक कोई जानकारी न होने के कारण मछुआरों के परिवारजन अत्यंत चिन्तित हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में अविलम्ब हस्तक्षेप कर पकड़े गए मछुआरों को पाकिस्तान जेल से छुड़वाए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक आदेश निर्गत करने की कृपा करें।